तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज अजीतदान बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार बालेसर) सू.अ.अ. अपील संख्या 141/2017	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
[illegible]	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अजीतदान पुत्र शिवदान निवासी उजला तहसील पोकरण जिला जैसलमेर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 01.08.2017 में उसके द्वारा (1) ग्राम ढाढणिया सासण तहसील बालेसर के नामान्तरकरण संख्या 533 स्वीकृति दिनांक 11.01.2016 की प्रमाणित प्रति व अन्य बिन्दुओं, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बालेसर) को प्रेषित किया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बालेसर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार बालेसर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बालेसर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी को 15 दिवस में सूचना उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। ओदश सुनाया गया।	